सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 133 | इंदौर, गुरुवार 28 नवंबर, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

**Headline**

1. Priyanka Gandhi: लोकसभा में नेहरू-गांधी परिवार की 16वीं सदस्य बनीं प्रियंका, दोहराया गया 71 साल पुराना इतिहास
2. IND vs PAK: 'पाकिस्तान के लिए भारत में खेलना संभव नहीं, क्योंकि...', पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन की एक और गीदड़भभकी

# यूके में एमपी को मिले

# ₹60,000 करोड़ के इन्वेस्ट प्रपोजल

## सीएम की इंग्लैंड यात्रा पूरी, लंदन में वार्विक यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स से भी मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का बुधवार को इंग्लैंड का दौरा पूरा हो गया। तीन दिन में अलग-अलग उद्योगपतियों और निवेशकों से मुलाकात के बाद एमपी के लिए 60 हजार करोड रुपए के निवेश प्रस्ताव सीएम को मिले हैं। इंग्लैंड दौरे के अंतिम दिन सीएम लंदन की वार्विक यूनिवर्सिटी पहुंचे और छात्रों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री अब 28 से 30 नवंबर तक जर्मनी की यात्रा पर रहेंगी। इस दौरान वे म्यूनिख और स्टूटगार्ट में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे। वहां के उद्योगपतियों को एमपी में इनवेस्ट की संभावनाएं बताएंगे।

### मुख्यमंत्री ने यूके दौरे के समापन पर कहा-

इंग्लैंड का दौरा हमारे लिए कई अर्थों में बहुत महत्वपूर्ण रहा है। सभी प्रकार के अलग-अलग क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश आए। आज बदलते दौर में मध्यप्रदेश में जो संभावनाएं हैं, उनको देखते हुए बड़े पैमाने पर नए निवेशकों ने रुचि दिखाई है। निवेश प्रस्ताव में हर तरह के सेक्टर जैसे- चिकित्सा, उद्योग, माइनिंग और सर्विस शामिल हैं, एग्रीकल्चर में भी लोगों ने रुचि दिखाई है।




### एमपी के यूथ यूके आएं, संभावनाएं तलाशेंगे

मुख्यमंत्री बुधवार को लंदन की वार्विक यूनिवर्सिटी पहुंचे। उन्होंने कहा- मध्यप्रदेश में ऑटोमोटिव फील्ड में बड़े पैमाने पर कार्य जारी है। संभावनाएं तलाशी जाएंगी कि मध्यप्रदेश के युवा यूके के वार्विक मैन्युफैक्चरिंग ग्रुप में आकर दक्षता अर्जित करें और ग्रुप के विशेषज्ञ भी मध्यप्रदेश आकर प्रशिक्षण उपलब्ध कराएं। साथ ही विश्वविद्यालयों और तकनीकी संस्थानों से डब्लूएमपी ग्रुप को संबद्ध करने की दिशा में भी पहल होगी।

### एमपी के स्टूडेंट्स से मिले सीएम

मुख्यमंत्री वार्विक यूनिवर्सिटी में देश के अन्य प्रदेश के साथ मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों से भी मिले। इस कैम्पस में पूरी दुनिया से विद्यार्थी पढ़ने के लिए आ रहे हैं। सीएम ने कहा कि इस मॉडल को हम मध्यप्रदेश में भी लागू कर सकते हैं। इसके लिए यहां के विश्वविद्यालयों का मध्यप्रदेश के विश्वविद्यालयों के साथ एमओयू कराएंगे। हम प्रयास करेंगे कि हमारे इंडस्ट्री के कैम्पस में भी ऐसे रिसर्च सेंटर बनें, जिनका लाभ सभी को मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कई इंडस्ट्रियल ग्रुप रिसर्च एक्टिविटीज को प्रमोट कर रहे हैं। विश्वविद्यालय को आत्मनिर्भर बनाने के लिए ऐसे ग्रुप से कोऑर्डिनेट कर रिसर्च सेंटर स्थापित करना चाहिए। सीएम ने कौशल विकास और शिक्षा के क्षेत्र में जारी बेस्ट प्रैक्टिसेज का मध्यप्रदेश में इम्प्लिमेंट करने की बात कही।

### दुनिया में अच्छाइयों को बांटते रहने से सबका भला होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वह सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक के रूप में आए हैं। विश्वविद्यालय और महाविद्यालय सरस्वती देवी के समान हैं। इनका लाभ पूरी मानवता को मिलना चाहिए। वैश्विक रूप से हम बहुत छोटी दुनिया में जी रहे हैं, ऐसे में यदि सभी देश अपनी अच्छाइयों को बांटते रहेंगे, तो सबका भला होगा।

सीएम ने कहा कि वार्विक मैन्युफैक्चरिंग ग्रुप, पब्लिक - प्राइवेट सेक्टर के बीच परस्पर सहयोग से विज्ञान - इंजीनियरिंग में इनोवेशन को प्रमोट करने और एकैडमिक एक्टिविटीज को विस्तार देने का बेस्ट ग्लोबल मॉडल है। सीएम ने ग्रुप के प्रो. रॉबिन क्लार्क को चंदेरी का कपड़ा गिफ्ट किया।

### स्वामी नारायण संप्रदाय और इस्कॉन करेंगे प्रदेश में नए केंद्र निर्मित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लंदन यात्रा के दौरान भगवान स्वामी नारायण मंदिर जाने और स्वामी नारायण सम्प्रदाय और इस्कॉन के सदस्यों से भेंट की। मध्यप्रदेश में दो प्रमुख ज्योतिर्लिंग हैं, साथ ही प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में विभिन्न लोकों का निर्माण हो रहा है। स्वामी नारायण संप्रदाय और इस्कॉन भी मध्यप्रदेश में अपने नए केंद्र निर्मित करेंगे।

### जर्मनी में सीएम का आज का प्रोग्राम

28 नवंबर को म्यूनिख में भारत के काउंसलेट जर्नल द्वारा होटल फिएर यारत्साइतेन केम्पिंस्की में ब्रीफिंग की जाएगी। इसके बाद सीएम बवेरिया राज्य सरकार के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। जर्मन के बवेरिया राज्य के अध्यक्ष और उप मुख्यमंत्री से मध्यप्रदेश के आर्थिक विकास और संभावित सहयोग पर चर्चा करेंगे। एसएफसी एनर्जी के प्रमुख संस्थान का दौरा करेंगे। बैरलोचर ग्रुप के डॉ. टोबियास रोसेंथल द्वारा अर्बन टर्बन रेस्टोरेंट में आयोजित लंच में जर्मनी के उद्योग प्रतिनिधियों से अनौपचारिक संवाद करेंगे।

लंच ब्रेक के बाद सीएम मध्यप्रदेश में निवेश अवसरों पर फिएर यारत्साइतेन केम्पिंस्की में म्यूनिख सीआईआई, इन्वेस्ट इंडिया और भारत के काउंसलेट जनरल, इंडो-जर्मन चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से आयोजित इंटरैक्टिव सेशन में उद्योग प्रतिनिधियों के साथ निवेश पर चर्चा कर वन-ऑन-वन मीटिंग करेंगे। इसमें प्रमुख जर्मन कंपनियों के साथ निवेश और उद्योग संबंधों को बढ़ावा देने पर फोकस किया जाएगा।

शाम को मुख्यमंत्री फिएर यारत्साइतेन केम्पिंस्की में प्रवासी भारतीय प्रतिनिधियों और 'फ्रेंडस ऑफ एमपी' के साथ संवाद करेंगे। इसमें लगभग 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। देर शाम मुख्यमंत्री होटल फिएर यारत्साइतेन केम्पिंस्की में भारत के कौंसुलेट जनरल द्वारा आयोजित डिनर में शामिल होंगे।

# शादी के लिए कुंडली तो मिलाएंगे, ब्लड टेस्ट भी कराएंगे

### 6500 स्टूडेंट्स ने थैलेसीमिया की रोकथाम के लिए शपथ ली, इस बीमारी में खून नहीं बनता

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर में 6500 स्टूडेंट्स ने कुंडली मिलाने के साथ ब्लड टेस्ट करने के लिए शपथ ली। विश्व कीर्तिमान के इस प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को अतिथियों ने थैलेसीमिया जागरूकता की शपथ दिलाई।**




थैलेसीमिया बीमारी की रोकथाम के मकसद से मालवांचल यूनिवर्सिटी (इंदौर), अमलतास यूनिवर्सिटी (देवास) और थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप के प्रोग्राम इन स्टूडेंट्स ने शादी में कुंडली मिलाने के साथ ब्लड टेस्ट करने के लिए शपथ ली। प्रोग्राम में स्टूडेंट्स ने शपथ ली कि थैलेसीमिया बीमारी की रोकथाम के लिए इस बीमारी का करियर होने पर वे दूसरे करियर मरीज से शादी नहीं करेंगे।

थैलेसीमिया एंड चाइल्ड वेलफेयर ग्रुप की अध्यक्ष रंजनी भंडारी ने थैलेसीमिया बीमारी के बारे में जानकारी दी। मुख्य अतिथि इंदौर संभागायुक्त दीपक सिंह रहे। इंदौर सीएमएचओ डॉ.बीएस सैत्या, एड.कमिश्नर अमित सिंह, वरिष्ठ एडवोकेट प्रज्ञा सिंह, समाजसेवी वीरेंद्र सिंह ठाकुर मौजूद रहे। इंडेक्स और अमलतास समूह के संस्थापक सुरेशसिंह भदौरिया व वाइस चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने अतिथियों स्वागत किया।

क्या है थैलेसीमिया- थैलेसीमिया बीमारी में नया खून नहीं बनता। ऐसे में बच्चों को महीने में एक बार और बड़ों को 15 दिन में एक बार ब्लड चढ़ाना पड़ता है। यह बीमारी अनुवांशिक है। जिंदगी भर इसके दर्द से गुजरना पड़ता है।

## लाइफ केयर कॉन्वेंट स्कूल में बच्चों को बताया संविधान का महत्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** संविधान दिवस के अवसर पर लाइफ केयर कॉन्वेंट स्कूल एवं इनायासोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा छात्रों के लिए संविधान की गुणवत्ता और बच्चों के अधिकारों को लेकर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि कैसर अजीम, इनाया सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की काउंसलरशबानापारेख और एडवोकेट अंजुम पारेख ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर नईमसिद्दीकी ने की। बाल रक्षा भारत के प्रतिनिधि कैसर अजीम ने बच्चों को संविधान दिवस मनाने के कारणों के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि संविधान दिवस का उद्देश्य भारत के संविधान की महत्ता को समझना और नागरिकों के अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूकता फैलाना है। बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने शिक्षा के अधिकार और सुरक्षा के अधिकार पर खास ध्यान देने की बात की। इनाया सोशल वेलफेयर फाउंडेशन की ओर से शबानापारेख ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में विशेष योगदान देते हुए अंजुम पारेख ने संविधान दिवस का ऐतिहासिक और सामाजिक महत्व बताया। कार्यक्रम का समापन स्कूल के डायरेक्टर नईम सिद्दीकी द्वारा किया गया, जिन्होंने बच्चों को संविधान के प्रति जागरूकता बढ़ाने का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि संविधान हमें हमारे अधिकारों के प्रति सचेत करता है, साथ ही हमारे कर्तव्यों का पालन करने की जिम्मेदारी भी सिखाता है।

## शासकीय हाई स्कूल पागनीसपागा में स्वेटर वितरण किया

**इंदौर।** कल इनर व्हील क्लब ऑफ इंडिया के तत्वाधान में मिडिल स्कूल के बच्चों को उनकी नाप के अनुसार स्वेटर वितरित किया गया। इस अवसर पर बच्चों को दान और दान के प्रति श्रद्धा का महत्व समझाया गया संबंधितों ने दान के पीछे गरीबी अमीरी अपना अहम नहीं होता है। दान के पीछे श्रद्धा भाव एवं अपने द्रव्य का परोपकार में उपयोग करना होता है। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती चंद्रिका तनवानी कल्पना जोशी, क्लब की अध्यक्षा संगीता तिवारी, सचिव आरती पांड्या एवं क्लब की भूतपूर्व अध्यक्ष रेखा अग्रवाल उपस्थित थी।

# शरद पगारे के मशहूर उपन्यास पाटलिपुत्र की सम्राज्ञी का नाट्यमन्चन नईदिल्ली में



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र जी शुक्ला का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत करते संस्था 'आदित्य' के संयोजक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देश के जाने माने ऐतिहासिक उपन्यासकार स्व. शरद पगारे के मशहूर उपन्यास पाटलिपुत्र की सम्राज्ञी का नाट्यमन्चन 1 दिसम्बर को नईदिल्ली में होने जा रहा है।नाट्यमन्चन दिल्ली के क्षितिज थिएटर ग्रुप करेगा।उल्लेखनीय है कि उपन्यास ह्यपाटलिपुत्र की सम्राज्ञीह्न को ज्ञानपीठ के बाद साहित्य के सबसे बड़े पुरस्कार माने जाने वाले प्रतिष्ठित ह्यव्यास सम्मानह्न से विभूषित किया गया है।उक्त उपन्यास को मध्यप्रदेश साहित्य परिषद का भी पुरस्कार मिला है।स्व. शरद पगारे व्यास समान प्राप्त करने वाले मध्यप्रदेश के पहले साहित्यकार थे।

शरद जी के सुपुत्र डॉ सुशीम पगारे ने बताया कि क्षितिज थिएटर ग्रुप रंग कर्म को समर्पित दिल्ली की महत्वपूर्ण संस्था है।इसकी प्रमुख भारती शर्मा हैं जो स्वयं एक स्थापित कलाकार हैं।बॉलीवुड निर्देशक संजय लीला भंसाली की चर्चित वेब सीरीज ह्यहीरा मंडीह्न में महत्वपूर्ण भूमिका भी निबाही थी।उपन्यास ह्यपाटलिपुत्र की सम्राज्ञीह्न का नाट्य रूपांतरण भारती शर्मा ने ही किया है एवम उसका निर्देशन भी वे ही करने जा रही हैं।

**उपन्यास का कथानक-** उपन्यास ह्यपाटलिपुत्र की सम्राज्ञीह्न का कथानक मौर्य युगीन है।स्व शरद पगारे ने इतिहास की एक अल्प ज्ञात नारी सम्राट अशोक की माँ धर्मा को केंद्र में रख कर उपन्यास का ताना बाना बुना है।धर्मा ने अपने पुत्र अशोक को सम्राट बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निबाही और इसके लिए वह चाणक्य से टकराने में भी पीछे नहीं हटी।इतिहास के अंधेरे में खोई हुई एक नारी को सामने लाने के परिणाम स्वरूप ही उक्त उपन्यास को व्यास सम्मान प्रदान किया गया था।हिंदी भाषा में उपन्यास इतना लोकप्रिय है कि इसका मराठीऔर उड़िया भाषा में भी अनुवाद हो कर प्रकाशन हो चुका है।

**नाट्यमन्चन शरद जी को हमारी ट्रिब्यूट है-भारती शर्मा-** नाटक की स्क्रिप्ट राइटर और निर्देशक भारती शर्मा नईदिल्ली की जानी मानी रंगकर्मी और अभिनेत्री हैं। उन्होंने भास्कर से कहा कि शरद पगारे जी हमारे समय के महत्वपूर्ण साहित्यकार रहे हैं। उनके लोकप्रिय उपन्यास ह्यपाटलिपुत्र की सम्राज्ञीह्न का नाट्यमन्चन उन्हें हमारी ट्रिब्यूट है।

## इंदौर से शिर्डी फ्लाइट 1 घंटे देरी से उड़ी

### एयर इंडिया एक्सप्रेस की नए साल पर सौगात; हैदराबाद के लिए सीधी फ्लाइट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर से शिर्डी जाने वाले यात्रियों को आज सुबह एयरपोर्ट पर फ्लाइट के लिए 1 घंटे इंतजार करना पड़ा। दरअसल, ऑपरेशनल कारणों से यह फ्लाइट इंदौर एयरपोर्ट से आज अपने तय समय से 1 घंटे देरी से रवाना हुई।**

इंदौर से शिर्डी के लिए रोजाना सुबह 10.40 बजे उड़ान भरने वाली इंडिगो की यह फ्लाइट इंदौर एयरपोर्ट से 12 बजे रवाना हुई। वहीं लखनऊ से इंदौर आने वाली फ्लाइट संख्या 6E7439 भी अपने तय समय से 1 घंटा देरी से इंदौर पहुंची, इन दोनों ही फ्लाइट का संचालन इंडिगो कंपनी करती हैं।



### इंदौर से हैदराबाद के लिए सीधी उड़ान

एयर इंडिया एक्सप्रेस द्वारा नए साल में इंदौर से हैदराबाद के लिए सीधी उड़ान शुरू की जा रही हैं। कंपनी ने घोषणा करते हुए बुकिंग शुरू कर दी हैं। इसके बाद हैदराबाद के लिए इंदौर से चार उड़ानों की सुविधा यात्रियों को मिल सकेगी। वर्तमान में इंडिगो कंपनी द्वारा तीन उड़ान संचालित की जा रही हैं।

इंदौर एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस 15 जनवरी से हैदराबाद की सीधी उड़ान शुरू करेगी। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने इंदौर से हैदराबाद के लिए तीन कैटेगरी में बुकिंग शुरू की हैं। पहली कैटेगरी एक्सप्रेस लाइट, जिसका किराया 4894 है, एक्सप्रेस वैल्यू 5 हजार रूपए और इसी तरह तीसरी कैटेगरी एक्सप्रेस फ्लेक्स का किराया 5524 रूपए हैं।

## माणिक्य जयंती पर संगीत का कार्यक्रम सुर-सरिता आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बास्केटबाल काम्प्लेक्स रेस-कोर्स रोड़ इंदौर पर 24 नवम्बर 2024 रविवार को आयोजित कार्यक्रम में स्टेट बैंक ऑफ इंदौर रिटायर्ड एम्प्लाइज एसोसिएशन इंदौर के अनेक स्थानों से पधारे 1100 से अधिक सदस्यों एवं अतिथियों ने सत्तर के दशक के गीतों की सुमधुर एवं प्रभावी प्रस्तुति का आनंद लिया। इस कार्यक्रम में गीतों की प्रस्तुति हार्मोनी-बाय-हर्षद ग्रुप की टीम द्वारा की गयी एवं प्रभावी मंच सञ्चालन आकाशवाणी से वर्षो से जुड़ी श्रीमती मोना ठाकुरजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान ड्रा खोलकर उपस्थित सदस्यों को 9 आकर्षक पुरस्कार स्टेट बैंक ऑफ इंदौर के विभिन्न पूर्व महाप्रबंधकों श्री रमेश बल्दुआ, श्री सुरेश मंडलोई, श्रीमती एनी पवार,राजू गुप्ता, आर. डी. यादव, एसबीआई के पूर्व महाप्रबंधक जे. के. पुराणिक, सह-प्रायोजक मोरेश्वरराव मुले, पूर्व प्रायोजक लक्ष्मण पारखे एवं एसोसिएशन के सभापति श्री एन. एल. माहेश्वरी द्वारा प्रदान किये गये. कार्यक्रम के प्रारम्भ में सह-प्रायोजक सेंटर फॉर साईट इंदौर के मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र के मार्केटिंग प्रमुख मुख्य अतिथि भगतसिंह गौड़ एवं बैंक के पूर्व महाप्रबंधक आर. डी. यादव ने दीप प्रज्वलन कर शुभारम्भ किया. कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष जे. एस. दिलावरी ने एसोसिएशन की 40 वर्षों की प्रगति पर प्रकाश डाला।

मुंबई से पधारे वरिष्ठ सदस्य श्री एस. के. धामानी ने पुष्पहारों से कार्यकारिणी के प्रत्येक सदस्य का मुंबई केंद्र के सदस्यों की ओर से अभिनन्दन किया. कार्यक्रम का संचालन सचिव एन. के. जैन ने किया एवं अंत में आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष प्रकाश छाजेड ने किया।

# एडवाईजरी के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले शातिर 3 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपी गैंग कंपनी का डाटा चोरी कर, देते थे ठगी की वारदात को अंजाम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोगों से शेयर मार्केट एवं कमोडिटी में इवेस्ट करने के नाम से लोगों से रुपये ठगने वाले अपराधिक प्रवृत्ती के लोगों पर एवं अपराधों पर नियंत्रण हेतु प्रभावी कार्यवाही के निर्देश वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए हैं। जिसके तारतम्य में आवेदक रवि अग्रवाल के द्वारा प्रस्तुत शिकायत पर से अपराध पंजीबद्ध कर प्रभावी कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया था।**

आवेदक रवि अग्रवाल निवासी इन्दौर के द्वारा अपनी कम्पनी सिग्नल एक्सपर्ट ग्लोबल एलएलपी एचआईजी इन्दौर में कार्यरत कर्मचारियों, रहीम खान नि.इन्दौर ,भरत शेखावत नि. राजस्थान तथा रोहित शर्मा निवासी मुबंई के विरुद्ध शिकायत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसमे उनके द्वारा उक्त तीनों व्यक्तियो में से आरोपी रहीम खान जो उनकी कम्पनी में आई.टी हेड था, आरोपी भरत शेखावत जो सेल्स का हेड था द्वारा आरोपी रोहित शर्मा के साथ मिलकर एक नई कम्पनी स्काई टेक्निकल साल्यूशन कम्पनी का निर्माण कर लिया था तथा उसकी कम्पनी का सारा डाटा तकनीकी रुप से चोरी करते हुये उसकी कम्पनी के ग्राहकों को गुमराह कर धोखाधडी पूर्वक अपनी कम्पनी के माध्यम से इंवेस्टमेन्ट हेतु कार्य करना प्रारंभ कर दिया था, जिससे आवेदक रवि अग्रवाल की कम्पनी का डाटा चोरी होने से उससे लाखों रुपये का नुकसान होना प्रारंभ हो गया था । विवेचना के दौरान तकनीकी रुप से साक्ष्य एकत्र किये गये तथा आरोपियो द्वारा निर्मित कम्पनी की वैधानिकता एवं उक्त व्यापार करने की अनुज्ञप्ती तथा स्काय टेक्निकल साल्यूशन कम्पनी के बैंक खातों की जानकारी प्राप्त करने पर उक्त कम्पनी द्वारा अवैधानिक रुप से अपने विदेशी ग्राहको के साथ छल पूर्वक व्यापार करते हुये अपनी मूल कम्पनी को अर्थिक नुकसान पहुंचाया जाना पाया गया, जिस पर से उपरोक्त तीनों आरोपियों का कृत्य गंभीर अपराधिक प्रवृत्ती का होने से तीनों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है जहां से उन्हे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है । प्रकरण में विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# हमारी सरकार पत्रकारों के हित में सदैव आगे रहेगी : राजेन्द्र शुक्ला



पत्रकारों का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन उनके सहायक को देते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय पर।

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला कल एक दिवसीय प्रवास पर देवास में विभिन्न कार्यों व भूमिपूजन हेतु आये थे वही पर जर्नलिस्ट एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल भी उनसे मिला व अपनी विभिन्न मांगों को लेकर उन्हें एक ज्ञापन भी सौंपा जिसको जल्द ही संज्ञान में लेकर अमल करने का वादा भी उन्होंने किया। बाद में पत्रकारों के प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल जी के साथ सहभोज का आनंद भी लिया । जिसके बाद एक ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम उज्जैन में उनकी अनुपस्थिति में उनके सहायक को दिया गया वहां जलपान के पश्चात मुख्यमंत्री जी के सौजन्य से पत्रकारों के दल ने बाबा महाकाल के vip दर्शन गर्भगृह में जाकर किए । प्रतिनिधि मंडल में जवाहरलाल चांदवानी, बी. सी. सोनी, सुभाष गुप्ता, करण मेनारिया, सचिन नीमा, नंदकिशोर चौहान, खानू विश्वकर्मा, जयप्रकाश सूर्यान, राजवीर सिंह होरा, जितेंद्र कंडारे, एल.एन. पटेरिया श्रीमती सपना मिश्र इत्यादि शामिल रहे।

# डंडे लेकर शराब दुकान पहुंची महिलाएं

## दुकान नहीं हटने से नाराज थी, जमकर पत्थर बरसाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कुशवाह नगर में शराब दुकान पर हंगामे का वीडियो बुधवार को सामने आया है। लंबे समय से रहवासी महिलाएं शराब दुकान को हटाने की मांग कर रही थी। मंगलवार को महिलाएं अपने हाथों में डंडे लेकर पहुंच गई और पत्थर फेंकना शुरू कर दिए।**

बताया जा रहा है कि महिलाओं की परेशानियों को देखते हुए विधायक और कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा चुनाव के दौरान मंच से चुनाव के बाद शराब दुकान हटाने की घोषणा की थी लेकिन अभी तक यह दुकान नहीं हटी। जिसके चलते महिलाओं में आक्रोश है, बताया जा रहा है कि दुकान पर लगने वाली भीड़ की वजह से महिलाओं और बच्चों को यहां से निकलना तक मुश्किल हो जाता हैं।

### कर्मचारी ने दुकान का शटर गिरा दिया

वीडियो में देखा जा सकता है कि पहले तो महिलाएं अपने हाथों में डंडे लेकर शराब दुकान पर पहुंची, फिर एका एक पत्थर बरसाने लगी। इस दौरान कुछ बच्चे भी पत्थर फेकते नजर आए। अचानक हुए इस हंगामे के बाद कर्मचारी ने दुकान का शटर गिरा दिया। बावजूद इसके महिलाएं बंद दुकान के शटर पर पत्थर मारती नजर आई। वहां खड़े दो पहिया वाहन को भी लात मारकर गिरा दिया और गाड़ियों पर भी डंडे बरसाए। काफी देर तक हंगामा चलता रहा, जिसे देख लोगों की भीड़ जमा हो गई।

## 8 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया

**इंदौर।** पलासिया पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक युवक को लाख रुपए की ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। उससे पूछताछ जारी है ।पलासिया थाने में पदस्थ उप निरीक्षक जगदीश मालवीय के अनुसार का नाम आरोपी मॉडर्न पिता नरेंद्र धीमान निवासी बड़ी ग्वालटोली है । कल उसे बंगाली चौराहा के नजदीक से पकड़ा गया। तलाशी में उसके पास ८ ग्राम ब्राउन शुगर मिली है । जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत एक लाख रूपए है। वह ड्रग पेडलर के रूप में काम कर रहा था।

# सिक्योरिटी गार्ड के साथ लूट, बंदूक छीन ले गए बदमाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। कनाड़िया इलाके में एक बुजुर्ग सिक्योरिटी गार्ड के साथ लूट की वारदात हुई। बाइक सवार तीन युवकों ने उन्हें स्कूटी से गिराकर 12 बोर की बंदूक छीन ली और फरार हो गए। बुजुर्ग गार्ड ने थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस अब पूरे मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि, पुलिस को गार्ड की कहानी पर शक है।

कनाड़िया पुलिस के अनुसार, कमल सिंह परिहार सिल्वर स्प्रिंग में सिक्योरिटी गार्ड के तौर पर काम करते हैं। उनका बेटा गौरव नायता मुंडला में काम करता है। 25 नवंबर को जब वह ड्यूटी पर जाने के लिए तैयार हो रहे थे, तो उनके बेटे के सुपरवाइजर रामदास का कॉल आया। उसने बताया कि बेटे के रुपए उसके पास हैं, जिन्हें लेकर जाना है। शाम करीब 8 बजे वह 12 बोर की बंदूक लेकर सहारा सिटी के लिए निकले। जब सर्विस रोड पर पहुंचे, तो तीन लड़के बाइक पर आए। उनमें से एक ने पीछे से डंडे से मारा, जबकि दूसरे ने स्कूटर पर लात मारी, जिससे वह जमीन पर गिर गए। गिरने के बाद डंडे से मारपीट की गई और एक आरोपी ने बंदूक छीन ली। इसके बाद तीनों बाइक सहित भाग गए। घटना के बाद रामदास और अन्य गार्ड को सूचना दी। मंगलवार को गार्ड कमल सिंह परिहार ने एफआईआर दर्ज कराई।

## स्कूल के बच्चों ने की चिड़ियाघर की सैर...

# मनोरंजक गेम्स खेल व टाइगर व अन्य पशु, पक्षियों को देख किया सेलिब्रेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। चोरल डैम स्थित केशर देवी पब्लिक स्कूल के लगभग 85 छात्र-छात्राएं इंदौर कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय भ्रमण के लिए आए। इंदौर चिड़ियाघर में बच्चों के दोपहर के भोजन की व्यवस्था नमो श्री चेतना महिला एवं बाल विकास समिति की श्रीमती अर्चना गुप्ता (अध्यक्ष) , श्रीमती नेहा गुप्ता (उपाध्यक्ष) , श्रीमती आशा रजूरकर(कोषाध्यक्ष) श्रीमती आरती गोयल(मुख्य सचिव ) , श्रीमती कोमल सोनी (उप सचिव)की ओर से थी। यहाँ बच्चों को भोजन के बाद मनोरंजक गतिविधियाँ भी करवाई और पुरस्कार भी दिए गए।बच्चों ने खूब उत्साह के साथ चिड़ियाघर का भ्रमण किया एवं पशु पक्षियों के बारे में जानकारी एकत्रित करी। गतिविधि प्रभारी दिग्विजय सिंह ने इस चिड़ियाघर यात्रा का मुख्य उद्देश्य नन्हें छात्रों को विभिन्न प्रकार के पक्षियों एवं जानवरों के बारे में जानकारी प्रदान करवाना था, जो नन्हें बच्चों की शिक्षा और समझ के विस्तार में मदद करेगा। चिड़ियाघर के प्रकृति सौंदर्य और अलग अलग प्रकार के जीव जन्तुओ के बीच चलते नन्हें एवं छोटे कदमों का यह दृश्य देखने में काफी मनोहर था। छोटे बच्चों ने प्रकृति में मिश्रित पक्षियों की चहकती मधुर आवाज को सुना एवं आश्चर्य से विभिन्न जानवरों को अपनी आंखों से देखा।





# दो मरीजों को मिली नई जिंदगी

## मध्यप्रदेश में पहली बार हुआ इंटर हॉस्पिटल किडनी स्वैप ट्रांसप्लांट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मध्यप्रदेश में पहली बार इंदौर में इंटर हॉस्पिटल किडनी स्वैप ट्रांसप्लांट हुआ। इस ट्रांसप्लांट से दो मरीजों को नई जिंदगी मिली। अलग-अलग हॉस्पिटल के दो डॉक्टरों की मेहनत से यह इंटर हॉस्पिटल किडनी स्वैप ट्रांसप्लांट संभव हो पाया।

कई बार परिवार में डोनर नहीं मिलने से सही समय पर किडनी ट्रांसप्लांट नहीं हो पाती पर शहर के दो डॉक्टरों ने मिलकर इस समस्या का हल इंटर हॉस्पिटल किडनी स्वैप ट्रांसप्लांट के जरिए खोज लिया। दोनों मरीजों और डोनर्स के टेस्ट, डॉक्यूमेंटेशन प्रोसेस पूरा करवाया। इसके बाद ऑथराइसेशन कमेटी से परमिशन ली और किडनी ट्रांसप्लांट हुआ।यह पहल अपोलो हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.संदीप सक्सेना और चोइथराम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.नेहा अग्रवाल ने की।

डॉ.संदीप सक्सेना ने बताया एबीओ इनकंपैटिबल किडनी ट्रांसप्लांट करने पर मरीज के साथ कई तरह के कॉम्प्लीकेशन्स हो सकते हैं। खर्च भी बढ़ जाता है इसलिए हमने आपस में बात की, अपने मरीज और डोनर की कम्पेटिबिलिटी को समझा और उन्हें कॉन्फिडेंस में लेकर यह प्रोसेस की।

**दोनों मरीजों की पत्नियों के ब्लड ग्रुप मैच नहीं हुए-** डॉ.संदीप सक्सेना के 31 साल के मरीज का ब्लड ग्रुप उनकी पत्नी से मैच नहीं हो रहा था। मरीज का ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव और पत्नी का बी पॉजिटिव है। इधर डॉ.नेहा अग्रवाल के पास 47 साल के एक मरीज किडनी की समस्या लेकर पहुंचे थे।

# दलित की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या

## परिजन ने थाने में लाश रखकर चक्काजाम किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शिवपुरी,(एजेंसी)। शिवपुरी के इंदरगढ़ गांव में रास्ते को लेकर हुए विवाद में एक युवक की लाठियों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड का आरोप सरपंच और उसके परिवार पर है। मामले में पुलिस ने सरपंच, उसकी पत्नी और बेटे सहित आठ लोगों के खिलाफ हत्या का केस किया था।**

वहीं, बुधवार को मेडिकल कॉलेज में पोस्टमॉर्टम कराने के बाद परिजन शव लेकर शिकायत दर्ज कराने सुभाषपुरा थाना पहुंचे। आरोप लगाया कि पुलिस वक्त पर पहुंचती तो नारद की जान बच सकती थी। परिजन ने लापरवाही बरतने वाले पुलिसकर्मियों को सस्पेंड करने की मांग की। इसके अलावा पीड़ित परिवार को शस्त्र लाइसेंस, आर्थिक मदद और सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। इसके लिए पांच दिन का अल्टीमेटम दिया है।

इसके बाद कोई सुनवाई नहीं होने पर परिजन और ग्रामीणों ने ठ्ल-46 पर 1 घंटे तक चक्का जाम किया। चक्का जाम में पोहरी से कांग्रेस विधायक कैलाश कुशवाहा भी मौजूद रहे। एसडीएम उमेश कौरव, एडिशनल एसपी संजीव मुले ने जांच के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके बाद परिजन ने चक्का जाम खत्म किया।

### सीएम ने की सहायता राशि देने की घोषणा

घटना को लेकर सीएम मोहन यादव ने दुख जताते हुए मृतक के परिजन को 4 लाख की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। सीएम मोहन यादव ने पर लिखा- इंदरगढ़ में दो पक्षों में हुए आपसी विवाद में एक युवक को गंभीर चोट आई, जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु होने का समाचार बहुत ही दुःखद है। 8 आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। परिजन को चार लाख रुपए आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं।

# रातभर ठिठुरता रहा युवक, सुबह लाश मिली

### ◆ बैतूल में ठंड से मौत की आशंका

**बैतूल,(एजेंसी)। बैतूल में एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के बरामदे में सो रहे युवक की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि ठंड की वजह से उसकी जान गई है। घटना मंगलवार रात की है। सुबह उसकी बॉडी अकड़ी हुई मिली। बीती रात बैतूल में 10.7 डिग्री ट्रेम्प्रेचर दर्ज किया गया है।**

शापिंग कॉम्प्लेक्स में लगे सीसीटीवी कैमरे में युवक की तस्वीर कैद हुई है, जिसमें वो ठिठुरत नजर आ रहा है। कभी उठता है, कई लेटता है। कुछ देर बाद प्लास्टिक ओढ़कर सो जाता है, इसके बाद फिर नहीं उठता है।

मृतक की पहचान चुन्नी ढाना निवासी बाबू धुर्वे छत्रपाल (उम्र 55 साल) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि वह हम्माली का काम करता था। साल 2017 में पत्नी की मौत बाद उसने मकान बेच दिया था। तब से वह गंज के शनि मंदिर और उसके आसपास ही रात गुजारता था। मृतक के परिजन नहीं होने के कारण समाजसेवी ने उसकी अंत्येष्टि की। युवक की मौत का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही सामने आएगा।

शव परीक्षण करने वाले डॉक्टर तरुण साहू ने बताया कि मृतक को टीबी की बीमारी संभावित लग रही है। उसके दोनों फेफड़ों में पानी भरा पाया गया है। ऐसे में व्यक्ति को ठंड से भी बचकर रहना होता है। लेकिन बताया जा रहा है कि वह खुले में रहता था। प्रारंभिक तौर पर मौत की वजह यही बीमारी लग रही है।

# मनोज तिवारी बोले- राहुल गांधी साजिशों का पुलिंदा

## संसद में उनकी कास्ट पूछी, तो बोले- मुझे गाली दी; खुद 140 करोड़ लोगों की जाति पूछ रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, (एजेंसी)। ग्वालियर आए भोजपुरी एक्टर व भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा, ह्यराहुल गांधी साजिशों का पुलिंदा हैं। दुनिया में जितनी भी भारत विरोधी शक्तियां हैं, सभी राहुल गांधी के साथ लग गई हैं। इन सभी के केंद्र में राहुल खड़े हुए हैं।**

भाजपा सांसद ने कहा, ह्यराहुल नहीं चाहते हैं कि इस देश में लोग एक रहें। वे अपनी जाति तो कभी नहीं बताएंगे। संसद में एक दिन जब भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने इतना ही बोला कि कुछ लोग अपनी जाति बताते नहीं, दूसरों की पूछते रहते हैं। तब राहुल गांधी का संसद में जबाब था कि यह मुझे गाली दे रहे हैं। अगर जाति पूछना उस समय गाली था, तो राहुल गांधी क्यों पूरे देश की 140 करोड़ जनता को जातिगत जनगणना कहकर गाली दे रहे हैं।

बुधवार दोपहर भाजपा सांसद ग्वालियर पहुंचे। यहां कुछ करीबियों से मिलने के बाद वे बागेश्वर धाम के लिए रवाना हुए। बागेश्वर धाम रवाना होने से पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में सवाल किए, ह्यक्या आपने राहुल गांधी को प्रधानमंत्री (मनमोहन सिंह) का अध्यादेश फाड़ते हुए संसद में नहीं देखा, उनको यह अधिकार किसने दिया?

### राहुल के घूमने से साजिश की बू आती है

सांसद तिवारी ने कहा, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा एकता की बात करते हैं। सबका साथ - सबका विकास की अवधारणा पर सरकार आगे बढ़ रही है, लेकिन कुछ लोग बांटना चाहते हैं। पीएम छोटी से छोटी कम्युनिटी को भी मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं। इससे ज्यादा क्या चाहिए? लेकिन, जिस प्रकार से वे (राहुल गांधी) जनगणना को लेकर घूम रहे हैं, उससे साजिश की बू आती है।

### 2025 चुनाव के बाद आप कहेंगे आप एक पार्टी थी

भाजपा सांसद ने आम आदमी पार्टी पर कहा, ह्यजो कर्म किए हैं, उसको यहीं भोगना पड़ता है। देखना, दिल्ली में 2025 के चुनाव और पंजाब चुनाव के बाद आप लोग कहेंगे कि आम आदमी पार्टी भी कोई पार्टी हुआ करती थी।

### एकता ही हमारी ताकत, शास्त्री इसके लिए आगे बढ़ रहे

सांसद ने ह्यबटेंगे तो कटेंगेह्न पर कहा, ह्यएकता ही हमारी ताकत है। हम बचपन से पढ़ते आ रहे हैं कि अंग्रेजी शासन ने डिवाइड एंड रूल किया। बागेश्वर धाम के संत बिना किसी राजनीतिक इच्छा के सांस्कृतिक और धार्मिक पहल के लिए आगे बढ़ रहे हैं। उनके पैरों में छाले तक पड़ गए हैं। वे रोज नंगे पैर चलते हैं। ऐसी एकता और श्रद्धा को सलाम है।

### गाया- सनातन है धर्म हमारा, सनातनी सब सच्चे हैं

मनोज ने गाना भी गुनगुनाया- सनातन है धर्म हमारा, सनातनी सब सच्चे हैं, सेवा करना धर्म हमारा, श्रीराम के हम बच्चे हैं...। इस अंदाज में अपने शब्दों को विराम देने के बाद वे बागेश्वर धाम के लिए रवाना हो गए।

# रतलाम में दरगाह ढहाई गई, मजार सुरक्षित

## फोरलेन निर्माण के बीच आ रही थी; कोर्ट से स्टे खारिज होने के बाद कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम,(एजेंसी)। रतलाम के जावरा फाटक से सेजावता फंटे तक बन रहे फोरलेन के बीच में आ रही पहलवान बाबा की दरगाह का बचा हिस्सा बुधवार को हटा दिया गया। सुबह प्रशासन की टीम पहुंची और मजार को बचाते हुए बाहरी हिस्से को गिरा दिया। पूरा स्ट्रक्चर ढहाने के बाद मलबा को वहां से हटवाया गया। कार्रवाई पूरी हुई तो मजार को पूरी तरह से साफ कर कर्मचारियों ने फूल चढ़ाए।**

जावरा फाटक से सेजावता फंटे तक 4.12 किमी लंबे फोरलेन का काम चल रहा है। इसमें पहलवान बाबा की दरगाह का कुछ हिस्सा आ रहा था। इसे हटाने को लेकर विवाद के हालात बने तो प्रशासन ने दरगाह से जुड़े लोगों के साथ बैठक कर मामले का हल निकाला। हालांकि कुछ लोगों का कहना था कि दरगाह को अवैध कार्रवाई कर नष्ट करने की कोशिश की जा रही है। तहसीलदार ऋषभ ठाकुर ने बताया कि कोर्ट से स्टे खारिज होने के बाद दरगाह के बाकी हिस्से और आसपास के क्षेत्र में फैले अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। पहले मुस्लिम समाज के साथ हुई बैठक में उनकी सहमति से एक हिस्सा छोड़ा जा रहा था, लेकिन वे लोग कोर्ट चले गए थे।

### 26 नवंबर को कोर्ट ने स्टे ऑर्डर निरस्त किया

14 नवंबर को सरकारी अधिवक्ता समरथ पाटीदार ने एकपक्षीय स्टे निरस्त करने का आवेदन दिया था। मंगलवार (26 नवंबर) को कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद 13 नवंबर को दिया स्टे आदेश निरस्त कर दिया। इसके बाद बुधवार सुबह प्रशासन और पुलिस अमला दरगाह पहुंचा और बाकी हिस्से को हटाने की कार्रवाई शुरू की।

### 4.12 किमी लंबा फोरलेन बनाया जा रहा

रतलाम के जावरा फाटक से सेजावता फंटे तक 4.12 किमी लंबा फोरलेन बनाया जा रहा है। इसके निर्माण में जावरा फाटक से आगे पहलवान बाबा की दरगाह का कुछ हिस्सा तो सामने की तरफ हनुमान मंदिर का हिस्सा आ रहा था। दरगाह के हिस्से को दरगाह कमेटी, शहर काजी अहमद अली और की मौजूदगी में प्रशासन की बैठक में सहमति के बाद हटाने की कार्रवाई शुरू हुई थी। दरगाह की लाइन में कुछ दुकानें भी थीं, जिन्हें प्रशासन ने हटाया था। दरगाह के एक हिस्से को हटाने के विरोध में मुस्लिम पक्ष कोर्ट चला गया। जहां से उन्हें स्टे मिल गया था।

# दलितों से रोटी-बेटी का व्यवहार करें -धीरेंद्र शास्त्री

### मुस्लिम लीग ने कहा- इन्हें भी मठ-मंदिरों का पुजारी बनाएं, तभी यात्रा सार्थक; रामेश्वर बोले- ज्ञान न बघारें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल,(एजेंसी)। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग ने पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा पर कहा है कि हम इसका सम्मान और स्वागत करते हैं। लेकिन, यह यात्रा तब ही सार्थक होगी, जब आप सबसे पहले दलितों-आदिवासियों से रोटी-बेटी का व्यवहार करोगे। दलित और आदिवासी समाज के लोगों को मंदिर-मठों में पुजारी बनाओगे।**

21 नवंबर को छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम से शुरू हुई धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की सनातन हिंदू एकता पदयात्रा शुक्रवार को ओरछा में खत्म होगी। मुस्लिम लीग के प्रवक्ता पीरजादा तौकीर निजामी ने कहा, हम पूछना चाहते हैं कि आपने जो 6443 जातियों को दलित, आदिवासी, पिछड़ों में बांट रखा है, इन सबको आप एक कैसे करोगे?

**दलित समाज में शादी कर खुद पहल करें शास्त्री-** निजामी ने कहा, ह्यमुझे लगता है कि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और हैं। सबसे पहले पंडित जी आपको पहल करनी चाहिए। पंडित जी अगर आप दलित समाज में शादी कर लेते हैं, तो सबसे अच्छा काम होगा। जाति तोड़ो धर्म को जोड़ो, सभी समाज में अच्छा मैसेज जाएगा।

**विधायक रामेश्वर शर्मा बोले- मुसलमान ज्ञान न बघारें-** मुस्लिम लीग के बयान पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हिंदुओं पर मुसलमान ज्ञान न बघारें। मुसलमान भी 80 से 85 जातियों में बंटे हुए हैं। मुसलमानों में पिंजारे समाज की बेटी से पठान समाज शादी करता है? हिंदू एक हो रहे हैं, इसलिए होश उड़ रहे हैं। हिंदू अब समझ गया है कि मुसलमानों की किसी चाल में नहीं फंसना है।

# वक्फ ट्रिब्यूनल द्वारा देवास कब्रिस्तान भूमि के आदेश को हाई कोर्ट ने किया निरस्त

**देवास।** देवास रेलवे स्टेशन के पास स्थित कब्रिस्तान की सर्वे क्रमांक 83, 84 एवं 85 क्षेत्रफल 17903 वर्ग मीटर भूमि के मामले में वक्फ ट्रिब्यूनल ने आदेश दिया था कि विवादित स्थल कब्रिस्तान के गेट पर लगा ताला खोलें ।वक्फ ट्रिब्यूनल भोपाल के उक्त आदेश को हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने निरस्त कर दिया है। दरअसल मामला यह है कि देवास वक्फ बोर्ड के कोषाध्यक्ष इकबाल अहमद ने वक्फ ट्रिब्यूनल के समक्ष एक याचिका दायर की थी जिसमें उल्लेख किया कि वक्फ संपत्ति कब्रिस्तान रेलवे स्टेशन रोड खसरा नंबर 83,84,85 वक्फ की है जिसमें कोई परिवर्तन नहीं किया जा सकता है राजस्व अभिलेखों में भी उक्त संपत्ति सार्वजनिक कब्रिस्तान के रूप में दर्ज चली आ रही है वक्फ अधिनयम के प्रावधानों के अनुसार ऐसी संपत्ति जो किसी भी रिकार्ड में वक्फ के रूप में रजिस्टर है वक्फ अधिनयम के अंतर्गत पंजीकृत मान्य की जाएगी। वक्फ ट्रिब्यूनल के समक्ष देवास जिला प्रशासन ने अपना पक्ष रखा, जिसमें दिनांक 19/2/24 को ट्रिब्यूनल ने कब्रिस्तान के गेट पर लगा ताला खोलने का आदेश पारित कर दिया । वक्फ ट्रिब्यूनल के द्वारा दिए गए इस आदेश को सिविल रिविजन ( क्रमांक उफ/168/24 ) के रूप में शासन की ओर से मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय इंदौर में चुनौती दी गई थी। मध्य प्रदेश सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता आनंद सोनी ने बहस करते हुए बताया कि ट्रिब्यूनल के समक्ष अभी प्रशासन की अर्जी लंबित है जीस का निराकरण किए बगैर ही बोर्ड को सीधे आदेश पारित कर दिया गया है जिसे निरस्त किया जाना चाहिए। यही नहीं उक्त भूमि पर अन्य भी दावेदार है।

## संपादकीय

# जलवायु संकट ने दी दस्तक

जलवायु संकट के प्रतिकूल नतीजे दुनिया भर में दिखने लगे हैं। कहीं समुद्र का जल स्तर बढ रहा है, तो कहीं फसलें सूखे की मार झेल रही हैं। हिमनदों के पिघलने और चक्रवाती हवाओं से मनुष्यों के सामने अस्तित्व का संकट गहराने लगा है। दुनियाभर में और खासकर भारत में जिस तरह मौसम का मिजाज बिगडा है, यह जलवायु संकट के गंभीर होने का संकेत है। पिछले एक दशक से भी अधिक समय में हिमालयी क्षेत्र में हिमनदों और झीलों का क्षेत्रफल बढना खतरे की घंटी है। क्या हम फिर केदारनाथ जैसी किसी त्रासदी की प्रतीक्षा कर रहे हैं? भूस्खलन और बाढ जैसी आपदाओं का खतरा पहले से ही है। लिहाजा हिमनदों और झीलों के विस्तार को गंभीरता से लेना होगा, क्योंकि इससे न केवल ब्रह्मपुत्र और गंगा जैसी नदियों में पानी की मात्रा पर असर पडेगा, बल्कि जैव विविधता के साथ जन-जीवन भी व्यापक रूप से प्रभावित होगा। केंद्रीय जल आयोग की रपट को संज्ञान में लेते हुए राष्ट्रीय हरित पंचाट का केंद्र सरकार को नोटिस सजग करने के लिए ही है। इससे समय रहते हिमनदों को संभालने और नदियों के प्रबंधन की दिशा में कार्य शुरू होगा। हालांकि इसके लिए अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय सहयोग की आवश्यकता होगी। केंद्रीय जल आयोग की रपट ने संभावित प्राकृतिक आपदा की तस्वीर सामने रखी है और इससे आंखें मूंदे नहीं रहा जा सकता। हिमनदों और झीलों के फटने से बाढ का अंदेशा तो है ही, और अगर ऐसा हुआ तो निचले इलाके में रहने वाले लाखों लोगों और जैव-विविधता के लिए यह भयावह होगा। भारत में जिन 67 झीलों की पहचान हुई है, उनके क्षेत्रफल में 40 फीसद की वृद्धि चिंता का विषय है। क्योंकि हिमाचल, लद्दाख और उत्तराखंड जैसे राज्यों में यह विस्तार जोखिम बढा सकता है। इन सभी परिस्थितियों के लिए कहीं न कहीं हम सभी दोषी हैं। हिमनदों का पिघलना कोई एक दिन में नहीं हुआ। कार्बन उत्सर्जन को रोक पाने में नाकामी तो है ही, वहीं जलवायु संकट पर उपेक्षा का भाव भी कम जिम्मेदार नहीं। ऐसे में पूर्व चेतावनी प्रणाली बनाने के साथ आपदा प्रबंधन पर ठोस कार्य करने की भी जरूरत है।

isha



जब तक आप लगातार बेहतर होने का प्रयास नहीं करते, आप एक ठहरा हुआ तालाब बन जाएंगे। ठहराव आखिरकार आपके जीवन में जहर घोल देगा।

– जग्गी वासुदेव

## धर्म-कर्म

# मासिक शिवरात्रि कल

## जानें संपूर्ण पूजा-विधि और शुभ मुहूर्त और सामग्री की पूरी लिस्ट



**हिंदू धर्म में मासिक शिवरात्रि का बहुत अधिक महत्व होता है। मासिक शिवरात्रि का पर्व भगवान शंकर को समर्पित होता है। मासिक शिवरात्रि पर रात्रि में पूजा का विशेष महत्व होता है। हर माह में कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मासिक शिवरात्रि मनाई जाती है। इस समय मार्गशीर्ष माह चल रहा है। मार्गशीर्ष मास की मासिक शिवरात्रि यानी 29 नवंबर, शुक्रवार को है। इस दिन भगवान शिव और देवी पार्वती की उपासना करने से व्यक्ति की हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है और यदि कोई पति पत्नी साथ मिलकर भगवान शिव और देवी पार्वती की पूजा करते हैं तो उनकी जोड़ी पर हमेशा खुशहाल बनी रहती है। इस मासिक शिवरात्रि के अवसर पर दो बहुत ही शुभ योग बनने जा रहे हैं। मासिक शिवरात्रि के दिन जो भी पति पत्नी भगवान शिव और देवी पार्वती का ध्यान कर व्रत और पूजा करते हैं उनके दाम्पत्य जीवन में आने वाली हर समस्या भगवान स्वयं हर लेते हैं और उनका पारिवारिक जीवन हमेशा खुशहाल बना रहता है। शिव भक्तों के लिए मासिक शिवरात्रि का विशेष महत्व है। आइए जानते हैं, मासिक शिवरात्रि की पूजा-विधि, शुभ मुहूर्त और सामग्री की पूरी लिस्ट-**

### मुहूर्त-

मार्गशीर्ष, कृष्ण चतुर्दशी प्रारम्भ - 08:39 ए एम, नवम्बर 29

मार्गशीर्ष, कृष्ण चतुर्दशी समाप्त - 10:29 ए एम, नवम्बर 30

पूजा का शुभ मुहूर्त- 29 नवंबर 11:43 पी एम से 12:37 ए एम, नवम्बर 30

### पूजा-विधि:

इस पावन दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान आदि से निवृत्त होने के बाद साफ-स्वच्छ वस्त्र धारण कर लें।

घर के मंदिर में दीप प्रज्वलित करें।

शिवलिंग का गंगा जल, दूध, आदि से अभिषेक करें।

भगवान शिव के साथ ही माता पार्वती की पूजा अर्चना भी करें।

भगवान गणेश की पूजा अवश्य करें। किसी भी शुभ कार्य से पहलेभगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है।

भोलेनाथ का अधिक से अधिक ध्यान करें।

ऊँ नमः शिवाय मंत्र का जप करें।

भगवान भोलेनाथ को भोग लगाएं।

### पूजा सामग्री की लिस्ट

1. पुष्प
2. पंच फल
3. पंच मेवा
4. रत्न
5. सोना
6. चांदी
7. दक्षिणा
8. पूजा के बर्तन
9. कुशासन
10. दही
11. शुद्ध देशी घी
12. शहद
13. गंगा जल
14. पवित्र जल
15. पंच रस
16. इत्र
17. गंध रोली
18. मौली
19. जनेऊ
20. पंच मिष्ठान्न
21. बिल्वपत्र
22. धतूरा
23. भांग
24. बेर
25. आम्र मंजरी
26. जौ की बालें
27. तुलसी दल
28. मंदार पुष्प
29. गाय का कच्चा दूध
30. ईख का रस
31. कपूर
32. धूप
33. दीप
34. रूई
35. मलयागिरी
36. चंदन
37. शिव व मां पार्वती की श्रृंगार की सामग्री आदि।

New Delhi

# दिल्ली में ED की टीम पर हमला, साइबर फ्रॉड मामले में रेड करने गए थे अधिकारी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली ईडी की टीम पर हमला हुआ है. वे बिजवासन इलाके में साइबर फ्रॉड से संबंधित मामले की जांच करने पहुंचे थे. बताया जा रहा है कि आरोपियों ने रेड के दौरान टीम के सदस्यों पर हमला कर दिया. हालांकि, किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई है.

ईडी की टीम PPPYL साइबर एप फ्रॉड केस के संबंध में अशोक शर्मा और उसके भाई के ठिकाने पर छापेमारी करने गई थी. इस मामले एक एफआईआर दर्ज किया गया है और मामला अभी काबू में है.

ईडी सूत्रों ने बताया कि वे पीपीपीवाईएल साइबर एप फ्रॉड मामले की जांच में अपराधियों पर छापेमारी करने



गए थे. हालांकि, इस दौरान साइबर अपराधियों अशोक शर्मा और उसके भाई ने टीम के सदस्यों पर हमला कर दिया. एफआईआर में कहा गया है कि जब अधिकारी छापेमारी कर रहे थे, तभी उनपर हमला हो गया.ईडी सूत्रों ने बताया कि जिस केस में ईडी की टीम छापेमारी के लिए पहुंची थी, उसमें देश भर में फिशिंग स्कैम, क्यूआर कोड धोखाधड़ी, पार्ट टाइम जॉब स्कैम जैसे हजारों साइबर अपराध दर्ज किए गए हैं. ईडी सूत्रों ने बताया कि i4C और FIU-IND की मदद से, हजारों रिपोर्ट किए गए अपराध मामलों का विश्लेषण किया गया. पाया गया कि अपराध के पैसे को 15000 अलग-अलग खातों में डाला जा रहा था. फिर डेबिट/क्रेडिट कार्ड प्राप्त किए गए.

एजेंसी सूत्र का कहना है कि इन कार्डों का इस्तेमाल करके, यूएई स्थित Pyypl पेमेंट एग्रीगेटर पर वर्चुअल

Uttarpradesh

# चिंताजनक: जहरीली हवा से देश में सालाना 21 लाख मौतें

## शहर हो या गांव...हर जगह एक जैसा हाल; लोगों की घट रही उम्र

**लखनऊ, (एजेंसी)** भारत वायु प्रदूषण की आपदा के मुहाने पर खड़ा है। यहां हर साल हाई ब्लड प्रेशर (हृदय रोग) के बाद सबसे ज्यादा मौतें वायु प्रदूषण की वजह से होती हैं। डायबिटीज, कैंसर से होने वाली मौतें भी इससे कम हैं। जहरीली हवा से भारत में हर साल 21 लाख लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं। यही नहीं, लोगों की उम्र भी घट रही। उनकी कार्यक्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

चेन्नई में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ काम कर रहीं देश की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कल्पना बालाकृष्णन आईआईटीआर में आयोजित सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए बुधवार को लखनऊ में थीं।

वायु प्रदूषण पर किए गए उनके शोध व रिपोर्ट न्यू इंग्लैंड जर्नल, लैंसेट समेत दुनिया की कई प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुके हैं। अमर उजाला से खास बातचीत में भारत के संदर्भ में साइलेंट आपदा कहे जाने वाले वायु प्रदूषण को लेकर उन्होंने अपनी चिंता साझा की।

डॉ. कल्पना का कहना है कि विभिन्न वैज्ञानिक शोध, आईक्यू-एयर और स्टेट ऑफ ग्लोबल एयर की रिपोर्ट के मुताबिक भारत में वायु प्रदूषण से संबंधित बीमारियों से सालाना 21 लाख लोग मौत के शिकार हो रहे हैं। प्रदूषित हवा के असर से लोगों की उम्र दो से तीन प्रतिशत तक घटने लगी है। दुनिया के 10 सबसे ज्यादा वायु प्रदूषित देशों में भारत तीसरे पायदान पर है। बच्चों व बुजुर्गों पर इसका सर्वाधिक बुरा प्रभाव पड़ रहा है। डॉ. कल्पना ने कहा कि बढ़ते उद्योगों, भट्ठियों, वाहनों आदि के धुएं व धूल से शहरों का दम फूल रहा है। पर, यह भ्रम है कि ग्रामीण इलाकों की हवा स्वच्छ है।

Jharkhand

# हेमंत सोरेन का शपथग्रहण आज, बनेंगे झारखंड के 14वें CM

## राहुल, पवार और ममता सहित ये दिग्गज होंगे शामिल

**रांची, (एजेंसी)** झारखंड को आज उनका 14वां मुख्यमंत्री मिलने जा रहा है. रांची के मोरहाबादी मैदान में हेमंत राज्य के 14वें सीएम के रूप में शपथ लेने जा रहे हैं. शपथ ग्रहण समारोह में राहुल गांधी, शरद पवार और ममता बनर्जी सहित INDIA ब्लॉक के कई दिग्गज शामिल होने जा रहे हैं. कई राज्यों के मुख्यमंत्री और डिप्टी सीएम भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे. गुरुवार शाम 4 बजे राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हेमंत सोरेन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. झारखंड मुक्ति मोर्चा (JMM) के नेता हेमंत सोरेन (49) का यह मुख्यमंत्री के रूप में चौथा कार्यकाल होगा. सोरेन ने हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा के गमलियाल हेम्ब्रोम को 39,791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी है. जेएमएम के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीटें हासिल करके जीत हासिल की है, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले NDA को 24 सीटें मिलीं.

New Delhi

# तुरंत होगा एक्शन...आतंकियों के नापाक इरादों पर फिरेगा पानी, जम्मू में पहली बार NSG की तैनाती

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** जम्मू को अशांत करने के आतंकियों के नापाक इरादों पर पानी फेरने के लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में एनएसजी कमांडो की तैनाती कर दी गई है। सिक्योरिटी एजेंसियों के सूत्रों का कहना है कि एनएसजी कमांडो की इस स्पेशल टीम को श्रीनगर से जम्मू भेजा गया है। इसका मकसद इस क्षेत्र में आतंकियों के छिपे होने या फिर हमले की स्थिति में बिना समय गवाएं उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना है।

एजेंसी के सूत्रों का कहना है कि इस ऑपरेशन के लिए करीब 15 एनएसजी कमांडो जम्मू भेजे गए हैं। उन्होंने एनएसजी कमांडो के कैंप करने और उनकी गतिविधियों के बारे में अधिक जानकारी नहीं दी, लेकिन बताया कि इन्हें ऐसी जगह कैंप कराया जा रहा है, जहां से किसी भी टेरर अटैक की स्थिति में वे कुछ ही देर में घटनास्थल पर पहुंच सकते हैं। सीआरपीएफ और आर्मी की तरफ से आतंकवादियों का सफाया करने के लिए एक विशेष योजना तैयार की गई है, जिसके तहत सोमवार और मंगलवार को जम्मू के चार जिलों में 56 ठिकानों पर छापेमारी की गई।

**100 संदिग्धों से चल रही पूछताछ-** छापेमारी की कार्रवाई राजौरी जिले में 9, पुंछ में 12, उधमपुर में 25 और रियासी में 10 ठिकानों पर की गई। इस दौरान 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ हुई। यह सिलसिला अभी भी जारी है। कुछ संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया गया है। फिलहाल जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गिरफ्तार लोगों की जानकारी सार्वजनिक नहीं की है। जम्मू-कश्मीर पुलिस सूत्रों का कहना है कि हमें 30 से अधिक ऐसे इनपुट मिले हैं, जिनमें आतंकियों को मदद देने वाले संदिग्ध हो सकते हैं।

खेल

# बहरीन पैरा ताइक्वांडो टीम में इंदौर की पिंकी दुबे ने भारत के लिए जीता कांस्य पदक

## इंदौर के मिथिलेश कैमरे होंगे इंडिया टीम के कोच

**इंदौर। वर्ल्ड ताइक्वांडो के तत्वाधान में प्रथम विश्व पैरा ताइक्वांडो पुमसे चैम्पियनशिप के लिए भारतीय पैरा ताइक्वांडों की 16 सदस्यों की टीम बहरीन पहुंच गई है। इंदौर की पिंकी दुबे एवं सपना शर्मा टीम में शामिल है और पिंकी ने कांस्य मेडल जीता है। टीम के कोच इंदौर के ही मिथिलेश कैमरे है।**



दिव्यांगों की विश्व पैरा ताइक्वांडों चैम्पियनशिप में ईरान, इराक, ब्राजील, पोलैंड, कजाकिस्तान सहित अन्य 14 देशों के पैरा कैटेगरी मूक बधिर, शारीरिक दिव्यांग, बोनापन, सेरेब्रल पाल्सी के 256 दिव्यांग खिलाड़ी भाग ले रहे है। 10 दिव्यांग भारतीय टीम में पी40, शारीरिक दिव्यांगता में 8 खिलाड़ी पी50, तथा व्हीलचेयर केटेगरी में मुख्य रूप से सपना शर्मा, पिंकी दुबे भाग ले रहे है। भारतीय टीम चिकित्सक डॉ. शांता पूर्णपात्री, मैनेजर प्रवीण एस, इंडिया टीम कोच मिथिलेश कैमरे, सुजीत बघेल, बीना बरोडा टीम के साथ है। मध्यप्रदेश टीम को इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने में वित्तीय सहायता कलेक्टर इंदौर श्री आशीष सिंह द्वारा प्राप्त हुई है। गौरतलब है मध्य प्रदेश में पहली बार इंडिया टीम के कोच के रूप में मिथिलेश कैमरे को नियुक्त किया गया। श्री कैमरे ने राष्ट्रीय कोच की भूमिका निभाते हुए इंदौर सहित प्रदेश के सैकड़ों खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देकर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्पर्धाओं के लिए तैयार किया है।

खिलाड़ियों की उपलब्धि पर संभाग आयुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दिए।

सिनेमा

# अल्लू अर्जुन संग क्लैश से बचकर निकली 'छावा', अब इस दिन रिलीज होगी विक्की कौशल की फिल्म



पैन इंडिया स्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2: द रूल' थिएटर्स में तगड़ा धमाका करने के लिए तैयार नजर आ रही है. फिल्म का ट्रेलर आने के साथ ही इसके धांसू ब्लॉकबस्टर बनने की गारंटी देने वाला महौल बनता नजर आने लगा है. अल्लू अर्जुन और 'पुष्पा 2' का इंतजार करने वालों के लिए अब अच्छी खबर ये है कि इससे क्लैश होने जा रही एकमात्र बड़ी फिल्म अब साइड हो गई है. यानी दिसंबर के पहले वीकेंड में अब 'पुष्पा 2' थिएटर्स में अकेली बड़ी फिल्म होगी. बॉलीवुड स्टार विक्की कौशल की अगली फिल्म, पीरियड ड्रामा 'छावा', थिएटर्स में 'पुष्पा 2' के साथ क्लैश होने वाली थी. जहां विक्की कौशल की 'छावा' के लिए 6 दिसंबर की रिलीज डेट काफी पहले अनाउंस हो चुकी थी, वहीं अल्लू अर्जुन स्टारर 'पुष्पा 2' की दिसंबर रिलीज डेट बाद में अनाउंस की गई थी. इसकी रिलीज डेट भी पहले 6 दिसंबर अनाउंस की गई, मगर बाद में इसे एक दिन पहले, 5 दिसंबर के लिए शिड्यूल कर दिया गया. 'पुष्पा 2' जैसी बड़ी फिल्म के एक दिन बाद रिलीज होना किसी भी दूसरी फिल्म के लिए फायदे का सौदा नहीं कहा जा सकता. इसलिए पक्के फिल्म फैन्स और समझदार इंडस्ट्री एक्सपर्ट्स की राय यही थी कि 'छावा' के मेकर्स को अपनी फिल्म किसी और डेट पर रिलीज करनी चाहिए, जो एक दमदार फिल्म नजर आ रही है.

## Highlights

1. Railways ensure monthly blanket washing for hygiene: Vaishnaw
2. Tamil Nadu will not implement PM Vishwakarma Scheme: CM Stalin
3. Nagpur earns ₹300 crore/ year by selling sewage water to Maharashtra govt: Gadkari
4. We'll see: Raut on if Shiv Sena will contest alone in BMC polls
5. IIT Delhi student dies in Harappan excavation pit collapse in Gujarat

# Coca-Cola's AI-generated Christmas ad receives backlash, company responds

**NEW DEIHI, (Agency).** Coca-Cola unveiled three artificial intelligence-generated Christmas ads in the US, but they faced backlash and ridicule. The ads suffered from common flaws in AI-generated content, including distorted visuals, unsettling facial expressions, unnatural movements, and disproportionate features, leaving viewers unimpressed, Forbes reported.

Among the three, the one that got the most attention was the one paying homage to the iconic Coca-Cola Christmas ads from 1995, “Holidays Are Coming.”

This one features red delivery trucks with Christmas lights and pictures of Santa Claus, with two shots of smiling customers, one holding a bottle of Coke.




The problem was that the shots were incredibly fast, and the ad seemed to be in such a rush to get over that there was barely any time for the viewer to register what was going on.

One of the reasons why people reacted so negatively to the ad was that Coca-Cola in the US is closely associated with the festive spirit.

The report added that this is so much the case that Coca-Cola is often credited with creating Santa Claus' red-and-white suit, which isn’t true, but that it did help popularize the color scheme.

Other issues include messy details like truck wheels gliding across the ground without spinning, distorted proportions, and nonsensical shapes of Christmas lights and buildings.

These new AI-made ads were created by three AI studios which were Secret Level, Silverside AI and Wild Card. They used the generative AI models Leonardo, Luma and Runway, with a new model, Kling, brought in towards the end of production.

Coca-Cola instead of recognising this as a mistake, justified it by stating that it "remains dedicated to creating the highest level of work at the intersection of human creativity and technology," to the New York Times.

# Anand Mahindra posts electric SUV : ‘Don’t try without supervision'

**NEW DEIHI, (Agency).** Anand Mahindra, the chairperson of Mahindra & Mahindra Ltd, took to social media to share footage of the new electric SUV in action at the Mahindra SUV Proving Track (MSPT) in Kanchipuram, Tamil Nadu.

However, it's not a video of the SUV demonstrating its off-roading prowess. The car is seen smoking its tyres by doing



doughnuts and slides, showcasing a surprisingly more playful side of things, especially considering it is an SUV.

Mahindra unveiled its two new battery electric vehicles (BEVs), the Mahindra BE 6e and the Mahindra XEV 9e, on Tuesday, November 26, 2024.

Both are based on the company's new electric-only INGLO platformand will be launched in early 2025.

Mahindra claimed the platform would be lightweight and have a “flat-floor skateboard” structure, which can be seen in action in the video. The BE 6e gets a slightly more sporty coupe profile which also has the bulk of a typical Mahindra, while the XEV 9e is unmistakably an SUV, or what Mahindra calls an “SUV coupe.” Both certainly won't be slow as well, with options of lithium iron phosphate (LFP) chemistry batteries of 59 kWh and 79 kWh, delivering 170-210kW (228-282hp) to the rear wheels.

# एक्सपोर्ट कारोबारी के यहां चोरी

## परिवार के साथ पुणे गए थे, विदुर नगर में भी दो घरों को बनाया निशाना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर में तीन स्थानों पर चोरी की वारदात होने का मामला सामने आया है। विजय नगर में जहां एक एक्सपोर्ट कारोबारी के घर को चोरों ने निशाना बनाया। द्वारकापुरी के दो घरों में भी वारदात हो गई। एक्सपोर्ट कारोबारी परिवार के साथ महाराष्ट्र के पुणे गए हुए थे। वहीं द्वारकापुरी एक एक परिवार सांवरिया सेठ के दर्शन करने गया था। एक्सपोर्ट कारोबारी के यहां सीसीटीवी में दो बदमाश चोरी करता दिख रहा है।**

विजयनगर पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हनी पटेल निवासी बीजी-22, निवासी स्कीम नंबर-74 की शिकायत पर पुलिस ने चोरी का केस दर्ज किया है। हनी पटेल ने बताया कि 21 नवंबर को वह परिवार के साथ पुणे के लिए निकले थे। 25 नवंबर को उनके कर्मचारी प्रमोद का कॉल आया। उसने बताया कि घर का लॉक टूटा हुआ है। पुणे से दूसरे दिन मंगलवार को इंदौर पहुंचे। घर से चांदी के बर्तन,ज्वेलरी,घड़ियां, इमिटेशन ज्वेलरी सहित कैश गायब था। इसके बाद उन्होंने कैमरे के फुटेज देखे। जिसमें दो बदमाश रात में घर में घुसकर चोरी करके जाता दिखाई दिया है।

### राजस्थान गए परिवार घर में घुसे चोर

द्वारकापुरी की पार्श्वनाथ कॉलोनी निवासी उत्कर्ष शर्मा निवासी ने बताया कि विदुर नगर में उसके चाचा राकेश शर्मा रहते हैं। 24 को वह परिवार के साथ राजस्थान के सांवरिया सेठ गए थे। मंगलवार रात में उन्हें कॉल आया कि घर जाकर देखो चोरी हो गई है। इसके बाद घर पहुंचे तो लोहे के गेट और हाल के गेट का ताला टूटा हुआ मिला। अंदर की अलमारियां टूटी पड़ी थी। वही अंदर से कैमरे और डीवीआर भी गायब मिले। बाद में पता चला कि आरोपियों ने नजदीक ही रहने वाले चिराग नगाइच के यहां भी चोरी की है। वह भी अपने परिवार के साथ बाहर गए हैं। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

वहीं छत्रीपुरा थाने में भी प्रिया निवासी सांई सिटी देवास ने केस दर्ज कराया है। वह राजमोहल्ला में अपने काका गोलू करोडे की शादी में शामिल होने आई थी। मेंहदी की रस्म के बाद उसने 11 ग्राम की ज्वेलरी बैग में रखी। जिसे बाद में खोला तो उसमें झुमकी नही थी। काफी ढूंढने के बाद भी नहीं मिलने पर थाने आकर केस दर्ज कराया है।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद
+91-91110 50101
www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9111156060 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक